Ref.No.: UP/SMSYS/REC/04/2024-25 Date: 01/01/2025

सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सभी को सूचित किया जाता है कि समग्र शिक्षा योजना समिति, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित निशुल्क शिक्षा जागरूकता कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को चयन पत्र आज दिनांक 01/01/2025 को जारी कर दिए गए हैं। इन चयन पत्रों का उपयोग केवल संबंधित कार्यक्रमों के संचालन तक ही सीमित है। सभी चयन पत्र संबंधित विद्यालय प्रबंधकों को जल्द ही प्राप्त करा दिए जाएंगे। समिति द्वारा सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण भी कराने का प्रस्ताव किया गया है, जिसका विवरण सम्बंधित विद्यालय प्रबंधक के माध्यम से प्राप्त करा दिया जाएगा।

कृपया ध्यान दें –

चयन पत्र का दुरुपयोग न करें और न ही इन्हें किसी अन्य व्यक्ति को प्रदान करें।

यदि किसी कर्मचारी द्वारा चयन पत्र का गलत उपयोग या कार्यक्रम के विपरीत कार्य करने की सूचना समिति को मिलती है, तो संबंधित कर्मचारी की सेवाएं समाप्त करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से कार्यक्रम में प्रतिभाग करने से रोक दिया जाएगा।
समिति की गोपनीयता भंग करने या दुष्प्रचार करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
कृपया समिति द्वारा जारी किसी भी पत्र को व्यक्तिगत संपत्ति मानकर उसका प्रचार–प्रसार या गलत उपयोग न करें। समिति के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो सकें। किसी भी प्रकार की समस्या या सुझाव हेतु ईमेल support@smsas-org के माध्यम से समिति को संपर्क कर सकते हैं
समिति द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ आपके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।।

(ए०एस० यादव)
सचिव, राज्य चयन समिति
समग्र शिक्षा योजना समिति, उ०प्र०